# कार्यालय वन वृत्त शहडोल-484001 (मध्यप्रदेश)

PHONE - 245361 FAX - 240189 E_MAIL- ccf.sdl@mp.gov.in

क्रमांक/मानचित्रकार/2022/ 1358 शहडोल, दिनांक 22/02/2022

प्रति,

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक,
(भू–प्रबंध)
मध्यप्रदेश–भोपाल

**विषय :–** **शहडोल एवं उमरिया जिले के (शाहपुर इष्ट कोल ब्लॉक) रकवा 659.00 हे. भूमि में शामिल शहडोल जिले में 12.733 हे.राजस्व वन भूमि में भूमिगत पद्धति से कोयला खनन अनुमति हेतु चौगुले प्राईवेट लिमिटेड गोवा को उपयोग में देने बावत्। प्रकरण ऑनलाईन क्रमांक** PF/MP/MIN/147526/2021.

**संदर्भ :–** **1. वमंअ दक्षिण शहडोल का ज्ञापन क्र./मा.चि./236 दि. 10.02.2022.**
**2. वमंअ उमरिया का ज्ञापन क्रमांक/मा.चि./382 दिनांक 11.02.2022.**

–☆☆☆–

विषयांतर्गत निवेदन है कि मेसर्स जनरल मैनेजर चौगुले प्रा.लि. गोवा कैम्प शहडोल द्वारा शहडोल जिले के दक्षिण वनमंडल शहडोल के 607.987 हे. राजस्व भूमि में शामिल 12.733 हे. राजस्व वन भूमि तथा उमरिया जिले के वनमंडल उमरिया के अंतर्गत शामिल 51.013 हे. राजस्व भूमि भूमिगत कोयला उत्खनन् हेतु उपयोग की अनुमति के लिये वन संरक्षण अधिनियम के तहत परिवेश पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत प्रस्ताव का विभागीय कार्यवाही पूर्ण कर संदर्भित पत्रों से प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भूमि का विवरण निम्न है :–

| क्र. | जिला | वनमंडल | राजस्व भूमि (हे.) | राजस्व वन भूमि (हे.) | योग (हे.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | शहडोल | दक्षिण शहडोल | 595.254 | 12.733 | 607.987 |
| 2. | उमरिया | उमरिया | 51.013 | — | 51.013 |
| | | **योग –** | **646.267** | **12.733** | **659.00** |

वनमंडलाधिकारी दक्षिण शहडोल द्वारा प्रस्तावित राजस्व वन भूमि 12.733 हे. का दिनांक 20.01.2022 को स्थल निरीक्षण कर प्रतिवेदन दिया है कि उक्त राजस्व वन भूमि तहसील सोहागपुर के ग्राम खम्हरिया कला, कठौतिया, चुनिया, खोल्हाड़ एवं सेन्दुरी के अंतर्गत प्रस्तावित है। वनमंडलाधिकारी दक्षिण शहडोल द्वारा प्रस्तावित राजस्व वन भूमि 12.733 हे. उर्जा की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुये व्यपवर्तन की अनुशंसा की है।

वनमंडलाधिकारी वनमंडल उमरिया ने प्रस्तावित भूमि का दिनांक 03.01.2022 को स्थल निरीक्षण कर प्रतिवेदन दिया है कि शाहपुर ईष्ट कोल माइन्स हेतु प्रस्तावित कुल रकवा 659.00 हे. भूमि में से 12.733 हे. राजस्व वन भूमि, 595.254 हे. राजस्व भूमि दक्षिण वनमंडल शहडोल के अंतर्गत तथा 51.013 हे. राजस्व भूमि जिला उमरिया के अंतर्गत भूमिगत कोयला उत्खनन् हेतु प्रस्तावित है। परियोजना में जिला उमरिया में वनभूमि नहीं प्रभावित हो रही है तथा प्रस्तावित स्थल वन सीमा से 400 मीटर की दूरी पर स्थित है, जो वन्यजीवों के दृष्टिकोण से राजस्व क्षेत्र महत्वपूर्ण है। उक्त स्थल में वन्यप्राणियों का आवागमन होता है तथा वन्यप्राणियों पर सुरक्षा से संबंधित शर्तानुसार स्वीकृति दिये जाने की अनुशंसा की है।

उपरोक्तानुसार प्रस्ताव में भाग – ।।। की कार्यवाही पूर्ण कर आगामी कार्यवाही हेतु प्रस्ताव ऑनलाईन एवं हार्डकॉपी में संलग्न सम्प्रेषित है।

**संलग्न – उपरोक्तानुसार**
**03 प्रतियों में।**

(पी.के. वर्मा)
**मुख्य वन संरक्षक**
**वन वृत्त शहडोल (म०प्र०)**

पृष्ठा. क्रमांक/मानचित्रकार/2022/ 1359 शहडोल, दिनांक 22/02/2022

**प्रतिलिपि –**

1. वनमंडलाधिकारी, दक्षिण वनमंडल शहडोल, को सूचनार्थ।
2. वनमंडलाधिकारी उमरिया, को सूचनार्थ।
3. मेसर्स जनरल मैनेजर चौगुले प्रा.लि. गोवा कैम्प शहडोल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

**मुख्य वन संरक्षक**
**वन वृत्त शहडोल (म०प्र०)**

## भाग - III
## संबंधित मुख्य वन संरक्षक द्वारा भरा जाना है।

| | | |
|---|---|---|
| 14 | स्थल जहॉ की वनभूमि शामिल की गई है क्या इसका संबंधित वन संरक्षक ने निरीक्षण किया है (हॉ/नहीं) यदि हॉ तो निरीक्षण की तारीख और किये गये प्रेक्षणों को, निरीक्षण नोट के रूप में संलग्न करें। | नहीं। |
| 15 | क्या वन संरक्षक उप वन संरक्षक के अभिमत से सहमत हैं। यदि नहीं तो उसका कारण दें। | सहमत। |
| 16 | प्रस्ताव की स्वीकृति या अन्यथा के बारे में विस्तृत कारणों के साथ अभिमत। | मेसर्स जनरल मैनेजर चौगुले प्रा.लि. गोवा कैम्प, शहडोल द्वारा शाहरपुर ईस्ट कोल मांईस हेतु कुल 659.000 हे. भूमि में से 12.733 हे. राजस्व वनभूमि 595.254 हे. राजस्व भूमि जिला शहडोल के अंतर्गत तथा 51.013 हे. राजस्व भूमि जिला उमरिया के अंतर्गत भूमिगत कोयला उत्खनन् हेतु प्रस्तावित है।<br>वनमंडलाधिकारी, दक्षिण शहडोल द्वारा प्रस्तावित राजस्व वनभूमि 12.733 हे. ऊर्जा की आवश्यकता को देखते हुए व्यपवर्तन की अनुशंसा की है।<br>वनमंडलाधिकारी, वनमंडल उमरिया ने प्रस्तावित 51.013 हे. राजस्व भूमि वन सीमा से 400 मीटर की दूरी पर स्थित है, जो वनजीवों के दृष्टिकोण से राजस्व क्षेत्र महत्वपूर्ण है तथा उक्त स्थल में वन्यप्राणियों का आवागमन होता है। वनमंडलाधिकारी उमरिया द्वारा वन्यप्राणियों के सुरक्षा से संबंधित शर्तानुसार स्वीकृत किये जाने की अनुशंसा की है। यह कार्यालय भी सहमत है। |

तिथि : 22 / 02 / 2022
स्थान : शहडोल (म.प्र.)

(पी.के.वर्मा)
मुख्य वन संरक्षक
वन वृत्त शहडोल (म०प्र०)